सार-समाचार

डॉक्टर व रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर रहे

जोधपुर, (कासं) । कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर से रेप व मर्डर मामले में एक बार फिर से डॉक्टरों का विरोध शुरू हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को देशभर में डॉक्टर हड़ताल पर है। जिसका समर्थन जोधपुर में भी आईएमए से जुड़े डॉक्टर व रेजिडेंट डॉक्टर 12 घंटे के लिए हड़ताल पर चले गए है। इसके चलते जोधपुर के एमडीएम, महात्मा गांधी व उम्मेद हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को जोधपुर इकाई के अध्यक्ष डॉ संजय मकवाना के निर्देशन में क्रमिक अनशन मेडिकल कॉलेज के बाहर शुरू हुआ है। जहां अन्य डॉक्टर भी मौजूद है। यह विरोध डॉक्टरों पर बढ़ती हिंसा और दुर्व्यवहार के खिलाफ है। इसको लेकर दो महीने पहले भी रेजिडेंट व अन्य डॉक्टरों ने अपना विरोध जताया था और हड़ताल पर रहे थे। एक बार फिर से सभी डॉक्टर सेंट्रल प्रोटेक्शन बिल की मांग कर रहे है। इधर, डॉक्टरों की इस हड़ताल के चलते जोधुपर के तीनों बड़े हॉस्पिटल में भी सेवाएं प्रभावित हुई है। हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी न और उन्हें समय पर उपचार मिले। इसको लेकर तीनों हॉस्पिटल के अधीक्षक व्यवस्थाओं को संभाले हुए थे।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर जिले में बजरी से भरे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत गई। वहीं उनका बेटा घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। डंपर ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा जोधपुर ग्रामीण के पीपाड़ रोड पर आज दोपहर का है। एडीसीपी भोपाल सिंह लखावत ने बताया कि हादसे को लेकर परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। डंपर जब्त कर ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। जानकारी अनुसार पीपाड़ पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीपाड़ रोड से आज दोपहर रामनिवास सुथार और उनका बेटा हिमांशु बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक को बजरी से भरे डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई। बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से जोधपुर रेफर किया गया। टक्कर मारने के बाद डंपर ड्राइवर भाग गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। लोगों ने पीपाड़ शहर थानाधिकारी चुन्नीलाल के खिलाफ रोष जताया। लोगों का कहना था कि थानाधिकारी की मिलीभगत की वजह से आए दिन बजरी से भरे डंपर निकलते हैं। इसकी वजह से कई बार हादसे हो चुके हैं।

तीन हादसों में 4 जने घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में सोमवार को 3 अलग-अलग हादसों में चार जने घायल हो गए। हादसे में दो जनों के सिर में गंभीर चोट आई वहीं दो जनों के पांव में फ्रेक्चर हो गए। घायलों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल भर्ती किया गया। जहां उनका उपचार जारी है। पहला हादसा पाली जिले के फुलाद गांव के पास हुआ। बाइक पर आ रहे पाली जिले के धापुणिया बेरा सारण (सिरियारी) निवासी 35 साल के विजय सिंह पुत्र शेषूसिंह रावत और 40 साल के बाबूसिंह पुत्र रेणसिंह को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। दोनों घायलों के सिर और पांव में चोटे आई। इसी तरह बाइक से रोहट निवासी भंडाराम (25) पुत्र गोविंद सरगरा रोहट से जालोर की तरफ सोमवार की सुबह जा रहा था। इस दौरान स्कोर्पियो चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक का एक हाथ फ्रेक्चर हो गया और सिर में भी चोट आई। पाली शहर के नया बस स्टैंड से कुछ आगे मनू सर्विस सेंटर के पास हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार पाली के केशव नगर निवासी 58 साल के पुखराज पुत्र केसाराम मेघवाल घायल हो गए। हादसे में उसके सिर में चोट लगी। चारों घायलों का पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार जारी है।

135 राजपत्रित अधिकारी नदारद मिले

जोधपुर, (कासं) । प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग की शासन सचिव श्रीमती उर्मिला राजोरिया के निर्देशानुसार उप शासन सचिव रमेश चन्द परेवा एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के सदस्यों ने मंगलवार को सुबह 9.40 बजे जोधपुर जिला मुख्यालय के विभिन्न राजकीय कार्यालयों एवं विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) रमेश चन्द परेवा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जोधपुर जिला मुख्यालय के विभिन्न राजकीय कार्यालयों एवं विभागों की संधारित 121 उपस्थिति पंजिकाएं मौके पर ही जब्त की गई। उन्होंने बताया कि इन कार्यालयों एवं विभागों के कुल 569 राजपत्रित अधिकारियों में से 135 राजपत्रित अधिकारी अनुपस्थित पाये गये जो कि प्रतिशत की दृष्टि से 23.72 प्रतिशत है। साथ ही कुल 1318 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 336 कर्मचारी अनुपस्थिति पाये गये जो कि प्रतिशत की दृष्टि से 25.49 प्रतिशत हैं। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिको के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की रिपोर्ट उच्च स्तर पर भेजी जाएगी।

सदर बाजार थानाधिकारी लाइन हाजिर

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर कमिश्नरेट के जिला पूर्व में सदर बाजार थानाधिकारी दयालाल को लाइन हाजिर किए जाने का आदेश आज पुलिस आयुक्त द्वारा दिया गया। उनके द्वारा काफी समय से मामलों में जांचें पूरी नहीं की गई और पैडिंग मामले रखे गए। इससे पहले उन्हें चार्जशीट भी दी गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह ने आज एक आदेश जारी कर सदर बाजार थानाधिकारी दयालाल को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक श्रीवास्तव द्वारा थानाधिकारी दयालाल को चार्जशीट दी गई थी। उन्हें अलग अलग प्रकरणों को लेकर तीन बार चार्जशीट दी गई। पुलिस उपायुक्त आलोक श्रीवास्तव के अनुसार तीन - चार माह तक जांचें नहीं की गई और काम में कोताही बरते जाने पर उन्हें चार्जशीट दी गई थी।

जालोर में जश्ने गौसुलवरा आज

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के लाल पोल के अन्दर जश्ने गौसुलवरा कार्यक्रम को लेकर सोमवार रात्रि को मदीना कॉलोनी विकास सेवा संस्थान की बैठक सदर अयूब शेख की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें 16 अक्टूबर को गोसुलवरा व सालाना इजलास को लेकर तैयारियां को लेकर चर्चा हुई। मदीना कॉलोनी विकास संस्थान के सदर अयूब शेख ने बताया कि बैठक में समाजसेवी रमजान शाह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद आरीफ सचिव जबरु पठान, उपाध्यक्ष सलीम खां, अयूब खां, उपाध्यक्ष आबाद अली, अब्दूल सिलावट, सलमान सिलावट, महामंत्री कासीमखां, वाहिद खां, प्रचार मंत्री सलीम खां नियारगार, शाहबाज खां, साबीर खां, सदाम खां , तनवीर, जुनैद, रेहान, जाहिद पठान सहित कई लोग मौजूद रहे।

गणपतसिंह हत्याकांड को लेकर अनशन शुरू

- जालोर जिले के रामसीन थाना क्षेत्र अंतर्गत मांडोली में गणपतसिंह की हत्या का मामला
- राजपूत समाज ने 36 कौम के समर्थन से प्रदर्शन किया

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के रामसीन थाना क्षेत्र अंतर्गत मांडोली में 55 दिन पूर्व गणपतसिंह मांडोली की निर्मम और निर्दयता पूर्वक हत्या को लेकर मंगलवार को राजपूत समाज ने 36 कौम के समर्थन से हजारों की संख्या में कलेक्ट्रेट के सामने धरना देते हुए हत्या प्रकरण का राज खोलने की मांग की। ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट कार्यालय पहुंचने पर कलैक्टर व एसपी ज्ञापन लेने के लिए मौजूद नहीं होने पर एडीएम को ज्ञापन नहीं देते हुए कलैक्ट्रेट के गेट पर ज्ञापन लटाकर जाने लगे। इसके बाद मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग कलैक्ट्रेट पहुंचे तथा उन्होंने ज्ञापन लिया तथा कलैक्टर व एसपी की उपस्थिति में वार्ता की। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। राजपूत समाज सहित सर्व समाज व पीड़ित परिवार कलैक्ट्रेट के समक्ष धरना व अनशन पर बैठे हुए है।

कलैक्ट्रेट के समक्ष हजारों की संख्या में राजपूत सहित सर्व समाज की ओर से धरना प्रदर्शन कर गणपतसिंह मांडोली की हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई। हजारों की संख्या में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस प्रशासन की लचर अनुसंधान व्यवस्था को लेकर रोष प्रकट किया तथा मृतक परिवार को न्याय नहीं मिलने तक अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया।

मृतक के परिवार जनों सहित राजपूत समाज ने बार-बार प्रकरण खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन और वार्ता की तथा रामसीन में धरना भी दिया। फिर भी अनुसंधान में अभी तक कोई गति नहीं आने के कारण नाराज परिवार, समाज और स्वजनों ने जालौर कलेक्ट्री के समक्ष धरना देकर जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से वार्ता की। प्रकरण नहीं खुलने तक समिति और प्रतिनिधि मंडल ने प्रदर्शन को व्यापक स्तर पर जारी रखकर उच्च स्तर पर मांग रखने की बात कहीं। धरना स्थल पर हजारों की संख्या में आए जनसैलाब को संबोधित करते हुए भवानीसिंह बाकरा दीपसिंह धनानी रतनसिंह कानीवाडा सुरेंद्रसिंह मांडोली भंवरसिंह मांगूसिंह बावली चंद्रवीरसिंह रामसीन गणपतसिंह सिरोही भंवरसिंह सरपंच संघ अध्यक्ष गंगासिंह बाला डीपलसिंह मकराना ईश्वरसिंह बासडा धनजी ऊंमसिंह चंद्राई राजूसिंह राजपुरा ईश्वरसिंह चांदना रविंद्रसिंह बालावत राकेश सोनी नैनसिंह राजपुरोहित तालका दिलीपसिंह मांडानी हुकमसिंह धानसा खीमसिंह बाकरा ओबसिंह सीकवाडा आमसिंह साडन उमरावसिंह विष्णुभारती मांडवला प्रद्युमनसिंह भवरानी भवानीसिंह भटाना चंदनसिंह कोराना महेंद्रसिंह, लालसिंह धानपुर कपूर बिश्नोई सहित सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों ने पुलिस पर सवालिया निशान लगाया।

मृतक परिवार राजपूत समाज सहित सर्व समाज ने पुलिस थाना रामसिन थाना के स्टाफ की लचर कार्यप्रणाली के कारण बदलने और जांच सीबीआई को सौंपने की मांग करते हुए उग्र प्रदर्शन किया तथा धरना के बाद कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया। हत्या का राज खोलकर पर्दाफाश नहीं करने तक इस क्रमिक अनशन को शुरू रखने का ऐलान किया। हत्या प्रकरण का राज खोलने के लिए मंगलवार को जालौर मुख्यालय पर जालौर सिरोही और पाली के हजारों लोग धरने में शामिल हुए तथा मुख्य लोगों ने प्रशासन से हत्या प्रकरण खोलने की पुरजोर शब्दों में मांग रखी। प्रशासन द्वारा गंभीरता नहीं रखने पर इसे और तेज करने की योजना बनाई गई।

वही राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक और जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने धरना स्थल पर पहुंचकर सभी को आश्वासन देते हुए अब तक की कार्रवाई से सभी को अवगत करवाया। जांच को गंभीरतापूर्वक करवाने का भरोसा दिया। साथ ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से हुई बात को धरनाथियों के समक्ष रखा।

सर प्रताप की जयंती मनाई

जोधपुर , (कासं) । मारवाड़ में शिक्षा के लिए अलख जगाने वाले व शिक्षा के प्रति दूर दृष्टि रखने वाले सर प्रताप की 179 वीं जयंती मंगलवार को चौपासनी शिक्षण संस्थान परिसर चौपासनी में समारोह पूर्वक मनाई।

समारोह के मुख्य अतिथि गज सिंह ने कहा कि सर प्रताप दूरदृष्टि की सोच रखने वाले थे। उन्होंने उस समय मारवाड में शिक्षा की सुविधा के लिए चौपासनी स्कूल कि स्थापना कि, उनका लगाया शिक्षा रूपी यह पौधा आज वृटवृक्ष बन चुका है। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सेरेमोनियम पैरेड, सामूहिक व्यायाम व सामूहिक नृत्य के प्रस्तुतिकरण कि सराहना कि उन्होंने समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

अध्यक्षता करते हुए चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने चौपासनी की प्रगति पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि राजस्थान क्रीड़ा संस्थान जोधपुर के निदेशक डॉ लक्ष्मण सिंह राणावत ने कहा कि चौपासनी शिक्षण संस्थान से पढ़े छात्रो ने देश- विदेश में नाम रोशन किया। 208 छात्र-छात्राओं की भागीदारी में परेड कमांडर उदय सिंह देवराज के नेतृत्व में सेरेमोनियल परेड हुई। मयूर चौपासनी के छात्रों ने अश्व प्रदर्शन व बैगपाइपर बैंड का प्रदर्शन किया।

शिक्षक संघ प्रगतिशील ने रोष जताया, प्रदर्शन किया

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा जालोर व सांचौर द्वारा शिक्षकों की समस्याओ को लेकर मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष विशाल धरना, प्रदर्शन व रैली कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश मुख्य महामंत्री पूनमचंद विशनोई द्वारा की गई। संघ के जिलाध्यक्ष लुम्बाराम चौधरी के अनुसार जालोर व सांचोर मे 2021 में नियुक्त शिक्षकों के वेतन नियमतिकरण पारदर्शिता के अभाव मे नहीं हो रहा है।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे पूनमचद विशनोई ने संगठन द्वारा दिए जा रहे धरने को औचित्य व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जानबूझकर वाजिब निराकरण नहीं करना जिला शिक्षा की हठधर्मिता दिख रही है। सेवानिवृत सांचौर जिला अध्यक्ष रामनिवास साऊ, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महासंघ सांचोर संयोजक किशनलाल सारण, प्रभाराम चौधरी प्रदेश उप सभाध्यक्ष आदि ने संबोधित किया। महिला शिक्षकों ने जोरदार नारेबाजी कर बताया कि यदि समय रहते आदेश नहीं किया, तो आने वाले समय में चूड़ियां भी भेंट की जाएगी एवं धरने को क्रमिक व आमरण अनशन मे बदला जायेगा।

पूनमचंद विशनोई, किशनलाल सारण, लूम्बाराम चौधरी, रामनिवास साऊ,कैलाश कुराडा जिला मंत्री,जसाराम विरास जिला मंत्री, विशनाराम,देवासी, ओखाराम देवासी, बागोडा ब्लॉक अध्यक्ष विरमाराम सारण, रानीवाडा अध्यक्ष खियाराम, सरनाऊ अध्यक्ष पूनमाराम विशनोई, भीनमाल अध्यक्ष लाडूराम मांजू, आहोर अध्यक्ष सुजाराम चौधरी, सायला अध्यक्ष अमराराम चौधरी,जालोर अध्यक्ष मालाराम चौधरी मेहबूब खान, हरिराम बुरडक, सुरेंद्र गोदारा ने सहित अन्य लोगों ने सभा को सम्बोधित किया।

धरने मे मेघसिंह दहिया, भंवर सिंह, पूनमचंद कुराडा, नरेश विशनोई, गोपाल दान चारण चौहान, किशनलाल जांगू, बाबूलाल बांगड़वा, पूनमाराम पटेल, मोहनलाल चौधरी,भागीरथ जानी, तुलसाराम चौधरी, जवाराराम मेघवाल, गणपत लाल सारण, आसूराम विशनोई, पूनमचंद खीचड, मोहनलाल खिलेरी, पूनमचंद खिलेरी,जालाराम सियाग, मांगीलाल साऊ, मालाराम कुराडा, भियाराम डूंगरी, कुंभाराम देवासी, श्रवण खिलेरी सहित सांचोर, चितलवाना, भीनमाल, बागोडा, रानीवाडा, भीनमाल, सरनाऊ, आहोर, जसवंतपूरा, जालोर के कई शिक्षकों ने भाग लिया।

धरातल पर कार्य करें : यादव

बालोतरा, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने नगर परिषद को दीपावली के पुर्व शहर की सभी सड़कों के पेचवर्क करने, खराब रोड लाइट को दुरूस्त करने के साथ कचरा संग्रहण की स्थिति में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद को निर्देशित करते हुए कहा कि ठेकेदार को नोटिस देने के बजाय धरातल पर कार्य करवाये, ताकि आमजन को राहत मिले। चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों, डेगूं एवं मलेरिया रोग के लिऐ निर्देशित किया।

कार्यालय का उद्घाटन किया

बालोतरा, (निसं)। जीनगर समाज विकास समिति कार्यालय का उद्घाटन विधायक अरुण चौधरी ने किया।

इस अवसर पर जीनगर समाज के जिला स्तर पर सम्मानित कार्यकर्ता नायब तहसीलदार जयंतीलाल, सहायक लेखाधिकारी अनिल राठौड, वरिष्ठ अध्यापक सीताराम व्यास, न्यायिक लेखपाल राजेन्द्र व्यास, सेवानिवृत्त शिक्षक मांगीलाल चौहान, तथा ब्लाक स्तर उचित मूल्य सलाहकार समिति के मनोनीत सदस्य सुखदेव जीनगर का स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर जीनगर न्याति बगीची के पुन- निर्माण के लिए धन संग्रह की शुरुआत भी की गई। अन्त में जीनगर समाज के दिवंगत संत परमहंस घनश्याम दास महाराज को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई।

गोसुलवरा का जुलूस निकाला

पाली, (नि.सं.)।पाली जश्ने गोसुल्वरा कमेटी के जाकिर हुसैन मेवाफरोश ने बताया कि मंगलवार को मुस्लिम समाज द्वारा जश्ने गोसुलवरा अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया मुस्लिम समाज ने ग्यारवी शरीफ का चांद दिखाई देने बाद से ही पिराने पीर दस्तगीर बड़े पीर सरकार गोसे आजम का दिन अकीदत और एहतराम से मनाने की तैयारियां शुरू कर दी थी।

अंजुमन फैजाने जश्ने गोसुलवरा जुलुस कमेटी के जॉइन्ट सैकेट्री हसन भाटी ने बताया कि मंगलवार को कमेटी के सदर हाजी मोहम्मद अशफाक मेवाफरोश व सचिव मोहम्मद यसीन कादरी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज द्वारा जश्ने गोसुलवरा का जुलूस नाड़ी मोहल्ला से शुरू होकर कादरिया चौक में समापन हुआ।

जहां पर कमेटी के सदर हाजी अशफाक मेवाफरोश, सचिव मोहम्मद यासीन कादरी , इंसाफ सोलंकी, यूसुफ अशरफी, फ़िरोज़ हबीबी, युसुफ मोयल, हाजी फरीद छिपा , जाकिर मेवाफरोश , अकरम शाह इत्यादि कमेटी सदस्य मौजूद रहे। जुलूस के कादरिया चौक पहुंचने पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम फेडरेशन ने माला व साफा पहनाकर जुलूस में शामिल कमेटी व संस्थाओं के प्रमुख लोगों का इस्तकबाल किया। जुलूस के समापन पर मोमिनों ने लंगर ऐ गौसिया शीरनी के रूप में तकसीम किया। इस मौके पर सदर अशफाक हुसैन मेवाफरोश, हाजी यासिन कादरी, जाकिर मेंवफरोश ,जाकिर गौरी, मेहबूब (पिल्लू)अकरम शाह अशरफी,युसूफ तिलजी वाला, यूसुफ अशरफी,फरीद कंटालिया, फिरोज हबीबी, इंसाफ सोलंकी, मेहराज अली चूड़ीगर, खालिद कादरी, परवेज अंसारी, इनायत कादरी, आसिफ नियारगर, आसिफ सिलावट, जावेद अली जिलानी, हाजी रिजवान अंसारी, हुसैन अजमेरी, फिरोज सामरिया, समीर शाह, प्रिंस गौरी आदि मौजूद रहे।

जुलूस से पूर्व नाड़ी मोहल्ला मिलाद चौक में गुलशने गोसुलवरा सेवा समिति कमेटी के सदर नजमुद्दीन बेलिम के नेतृत्व में नाड़ी मोहल्ला मिलाद चौक में हजरत अल्लामा मौलाना फैज रजा साहब अमरोहा वाले ने मोमीनो से खिताब किया। जिसमें सरकार बड़े पीर शेख अब्दुल कादिर जिलानी के जीवन पर परिचय तकरीरी बयान हुआ। हजरत पीर शेख अब्दुल कादिर की बताई गई राह पर चलने की गुजारिश की गई।

कमेटी सदर नजमुद्दीन बेलिम, सचिव इम्तियाज अली ,कैशियर सैय्यद मुख्तियार अली चूडिगर, मोहम्मद इसराइल खत्री ,मोहम्मद शरीफ इत्यादि लोगों ने आइमा हजरात का दस्तारबंदी व गुलपोशी कर इस्तकबाल किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत कपूरिया ,पंचायत समिति फतेहगढ

क्रमांक /संस्थापन /2024-25/22 दिनांक: 15/10/2024

ई-बोली सुचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत कपूरिया मे वितीय वर्ष 2024- 25 में महात्मा गांधी नरेगा योजना ग्रामीण विकास एव पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित अन्य विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यो के लिए उपयोग मे ली जाने वाली सामग्री एवं मशीनरी हेतु वाणिज्य कर विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मो से निर्धारित प्रपत्र मे ई - प्रोक्यमरमेंट प्रकिया हेतु ऑनलाइन निविदाए आंमत्रित की जाती है । इन कार्यो की अनुमानित लागत निविदा शुल्क निविदा बेचे जाने तथा खुलने की तारीख धरोहर राशि प्रोसेसिंग फीस व निविदा विशिष्टायॉ आदि का सम्पूर्ण ।विवरण वेबसाइटwww.eproc.rajasthan.gov.in अथवा www.sppp.rajasthan.gov. in. पर तथा कार्यालय समय मे कार्यालय में देखा जा सकता है । इच्छूक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है ।

UBN -PFT2425GLOB00107
NIB -PFT2425A0089

सरपंच / ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कपूरिया
पंचायत समिति फतेहगढ

कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)

(अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001)

Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक:नपजा/राजस्व/2024/4129 दिनांक : 15/10/2024

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्री अशोक कुमार गुप्ता पुत्र कच्छी प्रसाद गुप्ता , जाति- गुप्ता निवासा पंचवटी हनुमान गली , राजेन्द्र नगर जालोर , तह. व जिला - जालोर ने एक भूखण्ड के नांमातरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त भूखण्ड जालोर की आबादी भूमि खसरा नम्बर -2148 राजेन्द्र नगर जालोर , का पट्टा कार्यालय उपखण्ड अधिकारी(कृषि भूमि रुपान्तरण) द्वारा पट्टा संख्या - 135 पंत्रावली संख्या 33/82 दिनांक 14.02.1983 को श्री कच्छी प्रसाद गुप्ता पुत्र रामस्वरुप जाति - गुप्ता , जालोर के नाम से जारी किया गया है , तथा मेरे पिता का देहान्त पूर्व में हो चुका है , जिससे उपरोकत सम्पति पर सुहागवती पत्नी कच्छी प्रसाद हक है उन्होने वसीयत नामा दुष्यन्त कुमार/ अशोक कुमार पुत्र कच्छी प्रसाद गुप्ता के नाम दिनांक 31.03.2015 को किया हुआ है । उक्त भुखण्ड का कुल क्षेत्रफल 929.25 वर्गफीट यानि - 86.32 वर्गमीटर का प्रार्थी ने अपने नाम से नामांतरण उपविभाजन चाहा गया है ।

उक्त आवासीय प्लॉट के पडौस एव चतुर्सीमा निम्न प्रकार है ।

उत्तर :-प्रतापराम माली का मकान ।
दक्षिण :-मगनसिंहजी का मकान ।
पूर्व :-इसी प्लॉट का हिस्सा दुष्यन्त कुमार का ।
पश्चिम :-रास्ता ।

अत: सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचन के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्न हस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा।

अवगत रहें। आयुक्त, नगर परिषद, जालोर

राणी भटियाणीसा के दरबार में श्रद्धालु उमड़े

बालोतरा, (नि.सं.)। बालोतरा जिले के शक्तिपीठ जसोलधाम में हजारों श्रद्धालु मां राज राजेश्वरी श्री राणीसा भटियाणीसा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए उमड़े। श्रद्धालुओं ने श्री राणीसा भटियाणीसा सहित रावल कल्याणसिंह जी, श्री बायोसा, सवाईसिंह जी, लाल बन्नासा, खेतलाजी और भैंरूजी के मंदिरों में भी दर्शन किए। मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर प्रवेश मार्ग तक श्रद्धालु लंबी कतारों में मां के दर्शन के लिए बेसब्री से प्रतीक्षा करते नजर आए।

प्रारूप – 10 (नियम 6(7) देखिये)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय :– नगर परिषद, जालोर

क्रमांक :– नपजा/कृ.भू.नि./2024/3777 **लोक सूचना** दिनांक:– 30.09.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृत अधिकारों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है–

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	राजस्व ग्राम	दस्तावेज पंजीकृत/ अपंजीकृत व दिनांक	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (वर्गगज)	आवेदित भुखण्ड का आस – पडौस	प्रयोजन
1	मूलसिंह/धनसिंह चम्पावत राज पुष्प नगर जालोर	जालोर 'ए'	अपंजीकृत दिनांक 14.03.2024	6797/1705	58.66	उत्तर – प्लॉट नं. 34 दक्षिण – प्लॉट नं. 36 पूर्व – विजय कुमार की भूमि पश्चिम – आम रास्ता	आवासीय
2	श्रीमती मंजु सोलंकी/राजेन्द्र कुमार सोलंकी शिवाजी नगर कोलोनी जालोर	जालोर 'सी'	पंजीकृत दिनांक 26.12.2017	7410/2474	138.89	उत्तर – 40 फीट मैन कोलोनी रोड दक्षिण – प्लॉट नं. 13 पूर्व – 20 फीट मैन कोलोनी रोड पश्चिम – प्लॉट नं. 14	आवासीय
3	श्रीमती मंजु सोलंकी/राजेन्द्र कुमार सोलंकी शिवाजी नगर कोलोनी जालोर	जालोर 'सी'	पंजीकृत दिनांक 26.12.2017	7140/2474	138.89	उत्तर – 40 फीट मैन कोलोनी रोड दक्षिण – प्लॉट नं. 12 पूर्व – 20 फीट मैन कोलोनी रोड पश्चिम – प्लॉट नं. 10	आवासीय
4	श्रीमती मंजु सोलंकी/राजेन्द्र कुमार सोलंकी शिवाजी नगर कोलोनी जालोर	जालोर 'सी'	पंजीकृत दिनांक 26.12.2017	7140/2474	138.89	उत्तर – 40 फीट मैन कोलोनी रोड दक्षिण – अन्य कृषि भूमि पूर्व – 20 फीट मैन कोलोनी रोड पश्चिम – प्लॉट नं. 11	आवासीय
5	सांकलचन्द/मांगीलालजी सोनी कृष्णा नगर कॉलोनी सामतीपुरा रोड जालोर	जालोर 'ए'	अपंजीकृत दिनांक24.11.2022	1999/2000	111.11	उत्तर – पार्ट ऑफ प्लॉट नं.52,53 चम्पालालजी का दक्षिण – पार्ट ऑफ प्लॉट नं.52,53 मदनलालजी का पूर्व – 25 फीट रोड पश्चिम – पार्ट ऑफ प्लॉट नं.47 नैनाराम/उमाजी माली का मकान पार्ट ऑफ प्लॉट नं.48 दिनेश माली का मकान	आवासीय
6	जीवनराम/रूघुनाथराम रामदेव कॉलोनी जालोर	जालोर 'ए'	पंजीकृत दिनांक29.06.2000	2175/7778	166.66	उत्तर – 20 फीट रोड दक्षिण – आम रास्ता पूर्व – अर्चना/जवाहरलालजी चौधरी पश्चिम खेताम सरगरा का प्लॉट	आवासीय
7	फुसाराम/तारारामजी न्यू रामदेव कॉलोनी जालोर	जालोर 'सी'	पंजीकृत दिनांक 9.07.2008	2368	166.66	उत्तर – प्लॉट नं.92 दक्षिण – 30 फीट रोड पूर्व – प्लॉट नं.05 पश्चिम – प्लॉट नं.03	आवासीय
8	सुआ देवी/मदनलालजी गोगाजी मंदिर के पास घाचियो की पिलानी जालोर	जालोर 'बी'	पंजीकृत दिनांक 22.05.2007	4932	166.66	उत्तर –प्लॉट नं.05 दक्षिण प्लॉट नं.03 पूर्व – 30 फीट रोड पश्चिम –कृषि भूमि	आवासीय
9	शंकरलाल/चुनिलालजी कस्तुरबा कालोनी जालोर	जालोर 'ए'	पंजीकृत दिनांक 25.08.2005	18328,1833	150.00	उत्तर – प्लॉट नं.26 दक्षिण प्लॉट नं.24 पूर्व – प्लॉट नं.20 पश्चिम – 20 फीट रोड	आवासीय
10	कमला बिश्नोई/सुरेश कुमार रिजर्व पुलिस लाईन जालोर	जालोर 'बी'	पंजीकृत दिनांक 15.09.2015	6492/4946	234.00	उत्तर – जलन्धरनाथ कॉलोनी ऐरम 57 फीट दक्षिण – रोड 30 फीट ऐरम 60 फीट पूर्व – सब्जी मंडी कॉलोनी ऐरम 36 फीट पश्चिम – रोड 30 फीट ऐरम 36 फीट	आवासीय
11	दिनेश कुमार चौधरी/अशोक चौधरी /चैनारामजी पटेल लक्ष्मी नगर जालोर	जालोर 'बी'	पंजीकृत दिनांक 28.02.1994	1022	333.33	उत्तर – 30 फीट रोड दक्षिण – स्कुल व हॉस्टल की दिवार पूर्व – प्लॉट नं.41 पश्चिम – प्लॉट नं.43	आवासीय
12	संजीव चौधरी/सुखराम चौधरी आदर्श नगर रेलवे स्टेशन जालोर	जालोर 'बी'	पंजीकृत दिनांक 04.01.2000	आबादी भूमि व्यवसायिक भु–उपयोग	666.66	उत्तर में – आम रास्ता दक्षिण में– आदर्श नगर कोलोनी पूर्व में – प्लॉट नं.04 पश्चिम में – मुख्य सडक 100 फीट चौडी	व्यवसायिक
13	देवाराम/कुभारामजी भीनमाल मैन रोड जालो